राम तेरे नाम से पानी में पत्थर तेर रहे

भजन - राम तेरे नाम से पानी में पत्थर तेर रहे,

राम तेरे नाम से , पानी में पत्थर तेर रहे ,
देवता सारे खड़े हैं, तेरी लीला देख रहे !

पल भर में ही तूने , राम सेतु बनाया हैं ,
फिर भी तेरी महिमा को, रावण जान न पाया हैं !
राम तेरे नाम से , पानी में पत्थर तेर रहे...

बजरंग को दी हैं भक्ति , उसने माँ का पता लगाया हैं,
लंका में जाकर के उसने , लंका को जलाया हैं !
राम तेरे नाम से , पानी में पत्थर तेर रहे...

अंगद को दी हैं शक्ति , उसने ऐसा पैर जमाया हैं,
लंकापति खुद आया , पर उसको हिला न पाया हैं !
राम तेरे नाम से , पानी में पत्थर तेर रहे...

वचन दिया जो पिता को, वो वचन तूने निभाया हैं,
वचनो का रखना मान , प्रभु तूने ही सिखाया हैं !
राम तेरे नाम से , पानी में पत्थर तेर रहे...

सबरी के खाये बेर , तूने उसका मान बढ़ाया हैं,
अपने भक्तो को तूने, भक्ति का ज्ञान कराया हैं !
राम तेरे नाम से , पानी में पत्थर तेर रहे...

रावण ने हर ली सीता , तूने रावण को हराया हैं,
पल भर में किया ढेर , तूने ऐसा बाण चलाया हैं !
राम तेरे नाम से , पानी में पत्थर तेर रहे...

क्या करू गुणगान प्रभु , ऐसी तेरी माया हैं,
तेरी माया को भगवन , कोई समझ नहीं पाया हैं !
राम तेरे नाम से , पानी में पत्थर तेर रहे..

Bhajan Lyrics - Jay Prakash Verma, Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34590/title/ram-tere-naam-se-pani-me-pattar-ter-rahe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |